सफलता की कहानी

सावधि ऋण योजना

श्रीमती रूबीना, हरियाणा
परियोजना : पॉटरी

श्रीमती रूबीना 33 वर्ष की एक शादी-शुदा महिला हैं। रूबीना मुस्लिम कुम्हार जाति से हैं। वे ग्राम-लोहगढ़, पिंजौर, जिला-पंचकूला की रहने वाली हैं। हरियाणा राज्य में NBCFDC की राज्य एजेंसी – 'हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं अर्थिक रूप से कमजोर कल्याण निगम' के अधिकारी जब रूबीना के गाँव पहुंचे तब रूबीना ने उनसे संपर्क किया और अपने बारे में बताया। रूबीना के परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। रूबीना का परिवार पहले मिट्टी के बर्तन जैसे-घड़े, गमले, सुराही आदि हाथ से बनाते थे। मिट्टी के बर्तन हाथ से बनाने के कारण अत्यधिक मेहनत के बाद भी उत्पाद कम बन पाते थे और उनमें फिनिशिंग की कमी होती थी। रूबीना के परिवार में चार सदस्य थे अतः कम आमदनी के कारण उनके घर का खर्च चल पाने में बड़ी कठिनाई होती थी।

हरियाणा बैकवर्ड क्लासेज एंड इकोनोमिकली वीकरसेक्शन कल्याण निगम (HBCKN) के अधिकारियों द्वारा रूबीना को NBCFDC की योजनाओं की जानकारी दी गई और उसे ऋण लेकर कार्य आरंभ करने हेतु प्रेरित किया गया। रूबीना भी यही चाहती थी कि किसी भी प्रकार से उसकी आमदनी बढ़े और परिवार के खर्च आसानी से चल सकें। रूबीना ने ऋण लेने हेतु हिम्मत जुटाई और अन्ततः अपना ऋण आवेदन जमा कर दिया। राज्य निगम द्वारा रूबीना को अप्रैल, 2022 में रू. 50,000/- का ऋण स्वीकृत किया गया। रूबीना ने इस ऋण सहायता से इलेक्ट्रिक चॉक और संबंधित अन्य औजार इत्यादि क्रय किए। ऋण प्राप्त करने से पूर्व श्रीमती रूबीना की आय रु०6,000/- मासिक थी। अब वह तकरीबन रु०10,000/- मासिक आय कमा रही है। वह अपनी किस्तों को भी समय से जमा कर रही है तथा यह कहानी लिखे जाने तक रूबीना रू. 7500/- का पुनर्भुगतान राज्य निगम को कर चुकी थी।

लाभार्थी रूबीना बताती हैं कि उन्हें ऋण लेने में और कार्य में कोई कठिनाई नहीं हुई। राज्य निगम द्वारा बहुत सहयोग किया गया और बहुत जल्दी ही ऋण सहायता उपलब्ध कराई गई। वह निगम द्वारा गरीब व्यक्तियों के लिए चलाई जा रही ऋण योजनाओं से काफी प्रभावित हुई है। उसे आशा है कि वह जल्द ही गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब होगी।

रूबीना और उनका परिवार अब काफी खुश हैं और NBCFDC व HBCKN के कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त करती हैं।

*****

Success Story

Term Loan Scheme

Smt. Rubina, Haryana
Project : Pottery

I, **Mrs. Rubina,** W/o Shri Naseeb Ali, resident of Village Lohgarh, Pinjore District Panchkula, Haryana. I belong to Kumhar (Muslim) caste which comes under backward class. I am 33 years old. The financial condition of my family was not good. My family used to make earthen utensils like pots, jugs etc. by hand. Due to the absence of chowk (electric chowk) with us, it used to take a lot of time and a lot of hard work had to be done. Due to which the expenses of the house were running hard. That's why we wanted to buy pottery making machine but due to lack of money we were not able to buy it.

I came to know about NBCFDC schemes from an awareness camp which is being run by Haryana Backward Classes and Economically Weaker Sections Kalyan Nigam in the state of Haryana at concessional rate of interest. I applied in the district office of Haryana Backward Classes and Economically Weaker Sections Kalyan Nigam for financial assistance to buy pottery making machine. After which the district office sanctioned Rs.50000/- under NBCFDC's term loan scheme and gave me this loan on 11/04/2022. With this loan, I bought a pottery making machine and our work started increasing, I am paying the monthly installment of the loan on time and the household expenses are also going well. My monthly income before taking the loan was Rs.6,000/- per month and after taking loan is Rs.10,000/- per month (approx.).

I and my family thanked to NBCFDC and Haryana Backward Classes and Economically Weaker Welfare Corporation.